# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 02/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD.)**

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर जवानों ने ली शपथ



- सुंदरनगर : रैफ 106 बटालियन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जमशेदपुर. सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन बुधवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया. जमशेदपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एकता दौड़ में बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह के नेतृत्व में बटालियन के कई अधिकारी व पदाधिकारियों ने शामिल होकर राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया. इसके अलावे रैफ 106 के मेंस क्लब में भी राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट पीके सिंह ने सरदार पटेल द्वारा देश की अखंडता और एकता को बनाये रखने हेतु किये गये प्रयासों का उल्लेख किया. इस मौके पर बटालियन के अधिकारी और जवानों ने राष्ट्रीय एकता का शपथ लिया. कार्यक्रम के दौरान परेड का आयोजन भी किया गया. वहीं दूसरी ओर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केंद्र के कमांडेंट सुभाष चंद्र के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया, जिसमें सीआरपीएफ के जवानों ने एकता में बल है की शपथ ली.

Dainik Jagran (Jamshedpur,JKD.)

# लौहपुरुष को करने नमन जोश में दौड़ी लौहनगरी

## रन फॉर यूनिटी में हजारों शहरवासी और 12 राज्यों से आए हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के बच्चे भी शरीक हुए

जासं, जमशेदपुर : सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर बुधवार को जमशेदपुर के बारीडीह चौक से राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। हजारों की तादाद में लोगों ने इसमें भाग लिया।

इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि भारत का जो मानचित्र हमारे सामने है, वह सरदार पटेल के देश के प्रति अगाध प्रेम, एकता और अखंडता के प्रति उनकी सत्यनिष्ठा तथा उनके व्यक्तित्व की दूरदर्शिता का परिचायक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि आइए हम सब लोग एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करें और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए आजीवन दृढ़ प्रतिज्ञ रहें।




बुधवार को बारीडीह चौक से शुरू हुई रन फॉर यूनिटी में शामिल शहर के लोग • जागरण

उपायुक्त अमित कुमार ने कहा कि हम सभी भारतीयों को इस बात पर गर्व है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा का बुधवार प्रधानमंत्री अनावरण करेंगे। राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे भारतवासी बिना किसी भेदभाव और बिना किसी राग-द्वेष के एकजुट होकर अपने राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखेंगे। उपायुक्त ने उपस्थित शहरवासियों से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन बनाए रखने और अपनी जीवन शैली में स्वच्छता का विशेष रूप से ख्याल रखने का अनुरोध किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई गई। एकता दौड़ में देश भर के 12 राज्यों से आए हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के बच्चे भी शरीक हुए। इस अवसर पर भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव विनोद कुमार तिवारी, जिले के वरीय आरक्षी अधीक्षक अनूप बिरथरे, जिले के तमाम पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधि, सामाजिक

**पटेल जयंती**

- राष्ट्र की एकता व अखंडता के नायक को किया नमन
- बारीडीह चौक से प्रारंभ हुई दौड़ जाकर टिनप्लेट में समाप्त हुई

संगठन, पुलिस बल के जवान, एनसीसी के प्रतिनिधि और हजारों की तादाद में शहरवासी राष्ट्र को एकता और अखंडता को एक सूत्र में पिरोने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए। यह दौड़ बारीडीह चौक से प्रारंभ होकर टिनप्लेट चौक तक जाकर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में देशभक्ति से ओत-प्रोत सुर लहरी ने एकता और अखंडता की इस यात्रा को और भी ऊर्जान्वित बनाया। बड़ी संख्या में शरीक हुए भाजपाई : रन फॉर यूनिटी में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने किया। दौड़ में सांसद विद्युतवरण महतो, राजेश कुमार शुक्ला, चंद्रशेखर मिश्रा, विनोद सिंह, रामबाबू तिवारी, मिथिलेश सिंह, खेमलाल चौधरी, संजीव सिंह, पवन अग्रवाल, कमलेश सिंह, संजीव कुमार, भूपेंद्र सिंह, बारी मुर्मू, सत्यप्रकाश सिंह, अनिल मोदी, चंद्रशेखर गुप्ता, राकेश सिंह, सुनील बारी, पुष्पा तिर्की, विमलकांत झा, विमल जालान, अमरजीत सिंह राजा, काबू साहिल, विमल बैठा, मुचीराम बाउरी, संतोष ठाकुर, प्रबीर चटर्जी राणा, श्रीराम प्रसाद, ध्रुव मिश्रा, रमेश नाग, पप्पू मिश्रा, दीपक झा, पंकज सिन्हा, संतोष भंज, राजेश कुमार साव, जितेंद्र राय शामिल हुए।

### पुलिस प्रशासन का मार्चपास्ट

जासं, जमशेदपुर : सरदार वल्लभ भाई पटेल की 143वीं जन्म जयंती पर बारीडीह चौक पर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से मार्चपास्ट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जोनल पुलिस महानिरीक्षक नवीन कुमार थे। मुख्य अतिथि जोनल आइजी नवीन कुमार ने मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।



जयंती पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रमुख कार्यकर्ता • जागरण

### जीएसटी विभाग के कर्मचारियों ने ली शपथ

जासं, जमशेदपुर : सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बुधवार को झारखंड राज्य कर (जीएसटी) विभाग में बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली। इस मौके पर जमशेदपुर प्रमंडल के संयुक्त आयुक्त (अपील) संजय कुमार, संयुक्त आयुक्त (स्टेट ऑडिट) द्वितीय मंडल, उपायुक्त (नागरीय अंचल) सीएल शर्मा, उपायुक्त (सिंहभूम अंचल) पीपल हेम्ब्रम समेत अन्य अधिकारी थे।

**श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान में मनी सरदार पटेल की जयंती :** डॉ. श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान बिष्टुपुर में संस्थान के प्रधान सचिव हरिवल्लभ सिंह की अध्यक्षता में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष पीएन सिंह मुख्य वक्ता थे। मौके पर छात्रों ने शिक्षिका रश्मि सिन्हा के निर्देशन में सरदार पटेल पर नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। इसमें पटेल की भूमिका में छात्र प्रणव कुमार तथा किसान की भूमिका में ऋषिकेश पाठक, आयुष कुमार, हर्ष कुमार एवं ज्ञान प्रकाश थे।

**कांग्रेस ने टेल्को में मनाई पटेल की जयंती, इंदिरा की पुण्यतिथि :** कांग्रेस ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि टेल्को के आम बागान मैदान में मनाई। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार थे। मौके पर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के को-चेयरमैन कमल किशोर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय खान, इंटक के संयुक्त सचिव चंद्रभान सिंह, रियाजुद्दीन खान, गायत्री दास, धर्मेंद्र प्रसाद, देवेंद्र सिंह, राजेश सिंह राजू थे।

**Dainik Bhaskar (Jamshedpur,JKD.)**

# 10 हजार लोगों ने लगाई दौड़, एकता का दिया संदेश

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर


सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) व राष्ट्रीय एकता की शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांसद विद्युत वरण महतो व डीसी अमित कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया, जो बारीडीह गोलचक्कर से टिनप्लेट चौक तक पहुंची। एकता दौड़ में दस हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। इससे पहले बारीडीह चौक पर सभा आयोजित हुई।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सरदार पटेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। डीसी अमित कुमार ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। बकौल डीसी, आज हम सभी भारतीयों को गर्व है कि दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा सरदार वल्लभ भाई पटेल की है। इधर, सांसद ने कहा कि भारत का जो मानचित्र हमारे सामने है वह सरदार पटेल के देश के प्रति अगाध प्रेम, एकता और अखंडता को दर्शाता है। उनकी सत्यनिष्ठा और व्यक्तित्व की दूरदर्शिता का परिचायक है। इधर, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित समारोह में भाजपाई नेताओं के बीच तस्वीर खींचवाने की होड़ रही। मंच पर जगह पाने के लिए भाजपाइयों ने खूब पसीना बहाया। हद तो तब हो गई जब दौड़ शुरू होने से पूर्व डीसी अमित कुमार व एमपी विद्युत वरण महतो बलून उड़ाने पर तो अचानक काफी संख्या में भाजपा [illegible] जमा हो गया।

## हम किसी से कम नहीं...




## सरदार पटेल के मुखौटे पहन विद्यार्थी भी दौड़े





**इन्होंने दौड़ में लिया हिस्सा**

रैफ, आईआरबी, छह हजार विद्यार्थी, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, कारोबारी के अलावा 12 राज्यों के एकलव्य विद्यालय विद्यार्थी।



**Dainik Bhaskar (Jamshedpur,JKD.)**



# सिटी ACTIVITY




## रन फॉर यूनिटी | सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया



### इन्होंने दौड़ में लिया हिस्सा

रैफ, आईआरबी, छह हजार विद्यार्थी, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, कारोबारी के अलावा 12 राज्यों के एकलव्य विद्यालय विद्यार्थी।



Dainik Jagran (Odisha)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने किया अभ्यास

संवाद सूत्र, सुंदरगढ़ : आपात कालीन स्थिति से निपटने में अहम भूमिका निभाने वाली रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी सुंदरगढ़ पहुंचकर अभ्यास शुरू कर दिया है। टुकड़ी ने सुंदरगढ़ थाना तथा सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जाकर जायजा लेने के साथ परिचयात्मक अभ्यास किया। झारखंड के जमशेदपुर से रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी सुंदरगढ़ जिला मुख्यालय 26 अक्टूबर से पहुंची है। यह टुकड़ी दो नवंबर तक परिचयात्मक अभ्यास करेगी। इस दौरान सुंदरगढ़ टाउन पुलिस, सदर थाना क्षेत्र सहित जिले के सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील इलाकों का दौरा करेगी, ताकि जरुरत पड़ने पर आपात कालीन स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में निरीक्षक बिनोद कुमार के साथ टुकड़ी में 60 सदस्य शामिल हैं। वर्दी में जवानों की चहलकदमी को लेकर शहर में कई तरह की चर्चा है।



सुंदरगढ़ में फ्लैग मार्च करते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान ● जागरण

**Dainik Bhaskar (Odisha)**




# भयमुक्त माहौल बनाने रैपिड एक्शन फोर्स ने सुंदरगढ़ में डाला डेरा

**राउरकेला.** जिला मुख्यालय समेत जिले के महत्वपूर्ण स्थानों में भय मुक्त माहौल बनाने रेपिड एक्शन फोर्स सुंदरगढ में बुलाया गया और संवेदनशील इलाके में संप्रादायिक सौहाद्र को बेहतर बनाने सुंदरगढ समेत विभिन्न स्थानों पर गस्त लगाना शुरू कर दिया है. झारखंड के जमशेदपुर से रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी सुंदरगढ़ मुख्यालय में चार दिन पहले पहुंचा तथा दो नवम्बर तक यहां रह कर जिले में पेट्रोलिंग के साथ परेड का अभ्यास करेगा. इस दौरान सुंदरगढ़ टाउन पुलिस, सदर थाना क्षेत्र सहित जिले के सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदशील इलाकों का दौरा करेगा. ता जरुरत पड़ने पर कार्यवाही करने सहायक हो सके. सहायक कमांडेंट नेतृत्व में निरीक्षक बिनोद कुमार अगुवाई में 60 सदस्यों की टोली रै एक्शन फोर्स में शामिल हो कर विभि इलाकों में फ्लैग मार्च कर रही है.

Daily News (Jaipur,Raj.)

# आगरा रोड क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च



डेली न्यूज

जयपुर ▷ 1 नवंबर

विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को खोह नागोरियान थाना इलाके में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च मे एसीपी मालवीय नगर कावेंद्र सिंह और खोह नागोरियान थानाधिकारी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सभी चौकी इंचार्ज व भारी पुलिस बल को इलाके से परिचित कराया गया। मार्च क्षेत्र के खोह नागोरियान, इंदिरागांधी नगर, पालड़ी मीणा, प्रेम नगर, बावड़ी स्टैंड सहित कई संवेदनशील मोहल्लों में से होकर निकला।

भारी संख्या में पुलिस बल को देखकर लोग घरों से बाहर निकल आए। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चुनाव को देखते हुए खास सतर्कता बरती जा रही है। यह फ्लैग मार्च उन लोगों के लिए कडी चेतावनी है, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाडने की फिराक में लगे रहते है। उन्होंने कहा कि जो भी शांतिभंग अथवा माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# Photos of Deployment/ Fam-ex of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**